आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.06.2025 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री-मंत्रियों की बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ देश द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के बाद यह पहली ऐसी बैठक होगी।

मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि यह सत्र 12 अगस्त तक चलाने का निर्णय लिया है। इस सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद में रखा जायेगा। साथ ही कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री नियुक्ती पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल esa सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय के द्वारा अलग-अलग विभागों के लगभग 60 से ज्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए । सबसे ज्यादा PWD विभाग और कई अन्य विभागों में हमने नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार काफी संवेदनशील है और खासकर ऐसे वर्ग के लिए हम चिंतित हैं।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज उमरिया जिले के पाली और रीवा के मनगवां दौरे पर रहेंगे। उमरिया विधानसभा के ग्राम पाली में पेसा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के जागरूकता सम्मेलन में मुख्यमंत्री शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 53 करोड़ 85 लाख की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव रीवा के मनगवां में महिला स्व सहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे और कई विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

ऑक्यूलर ट्रामा

देश में ऑक्यूलर ट्रामा के मामलों को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। ऑक्यूलर ट्रामा आंखों में लगने वाली चोट और आघात से संबंधित है और इससे अंधापन आने का खतरा भी बढ़ जाता है. आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ऑक्यूलर ट्रामा से बचने के लिए नियमित नेत्र परीक्षण कराना

जरुरी है । इसके अलावा, ऐसे पटाखों, धनुष, तीर, पेलेट गन और तेज किनारों वाले खिलौने से बचकर रहने को भी कहा गया है. आयोग ने इस प्रकार की सामग्री की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाने की सलाह nh है जिनसे आंखों में चोट लगने की संभावना हो।

झाबुआ दुर्घटना

झाबुआ जिले में कल देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में दो परिवारों के 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। ये सभी लोग भावपुरा ग्राम से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। थान्दला-झाबुआ मार्ग पर सजेली रेलवे फाटक के समीप निर्माणाधीन पुल के पास कार पर एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया । हादसे में एक महिला और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश लेकर विश्व के देशों में गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में vkt dqN प्रतिनिधिमंडल सफल यात्रा के बाद भारत लौट रहे हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन का दौरा करने के बाद आज सुबह लौटा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पाटी- शरद पवार गुट की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल कतर, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया और मिस्र का दौरा करने के बाद आज दोपहर स्वदेश लौटेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए जंगल सफारी के लिए नए आरामदायक ट्रेक्स क्रूज़र वाहन उपलब्ध कराए हैं।
- सीहोर शहर के बड़ा बाजार में आगामी 7 जून को आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 51 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे। आज इस कार्यक्रम की तैयारी को नगर पालिका कार्यालय में बैठक हुई ।
- मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने योजना भवन सभाकक्ष में जनसुनवाई के दौरान जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए 80 आवेदकों की समस्या सुनी।

- विदिशा जिले की सभी शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025- 26 हेतु पंजीयन हैं। प्रथम एवं द्वितीय चरण में प्रवेश हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 16 जून 2025 कर दी गई है।